an>

Title; Need to conduct CBI enquiry in alleged theft in a temple in Gopalganj district in Buxar Parliamentary Constituency.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : माननीय उपाध्यक्ष जी, बिहार के गोपालगंज जिले के अन्तर्गत बैकुण्ठपुर थाना-क्षेत्र के चमनपुरा गांव के महाभारत कालीन प्राचीन मंदिर से चोरी हुई दुर्लभ नीलम पत्थर से निर्मित भगवान विष्णु की पुरातन चतुर्भुजी मूर्ति जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की है, उक्त मूर्ति के दर्शन-पूजन हेतु करोड़ों श्रद्धालु भक्तिभाव से तीर्थाटन हेतु दूर-दूर से आते हैं। इससे तीर्थाटन-पर्यटन पर भी कुप्रभाव पड़ रहा है।

देश के कई राज्यों में बहुमूल्य मूर्ति की चोरी की कई घटनाएं विगत वर्षों से सुर्खियों में हो रही हैं जिसमें एक साजिश के तहत राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह काफी सक्रिय है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इन कीमती मूर्तियों को बेचा जाता है।

उक्त काण्ड संख्या 209/11 (बैकुण्ठपुर थाना) के अनुसंधान को स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से वहां के शासन-प्रशासन के दबाव में आकर डी.एस.पी. के दूरभाष आदेश पर थाना द्वारा अनुसंधान को बंद कर दिया गया है। इससे सम्पूर्ण क्षेत्र में तनाव एवं जनाक्रोष व्याप्त है। राज्य सरकार ऐसे मामलों में पूर्णत: निष्क्रिय एवं विफल रही है।

अतएव जनभावनाओं को देखते हुए केन्द्र सरकार से उपरोक्त कांड की उच्चस्तरीय जांच सीबीआई से कराने का आग्रह करता हूं जिससे उल्लेखित विशिष्ट मूर्ति जो एक राष्ट्रीय धरोहर है, की बरामदगी हो सके एवं सफेदपोश लोगों का मुखौटा सामने आ सके।